# वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

# Veer Madho Singh Bandari Uttarakhand Technical University

(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)
Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)
Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

पत्रांकः 1453/वी0मा0सिं0भ0उ0प्रौ0वि0/2025 | दिनांकः 18.08.2025

**महत्त्वपूर्ण**

सेवा में,

**निदेशक,**
विश्वविद्यालय के समस्त सम्बद्व एवं परिसर संस्थान,
वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
देहरादून।

**विषयः—शैक्षिक सत्र 2025—26 मे कॉलेज/संस्थानों के नवीन एवं अध्ययनरत छात्र—छात्राओं का विषम—सेमेस्टर हेतु ऑन—लॉइन पंजीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पूर्व में प्रेषित पत्र संख्या—1376/ वी0मा0सिं0भ0उ0प्रौ0वि0/2025, दिनांक 08 अगस्त, 2025 के माध्यम से संस्थानों में शैक्षिक सत्र 2025—26 में अध्ययनरत विषम—सेमेस्टर हेतु छात्र—छात्राओं के ऑन—लॉइन पंजीकरण हेतु दिनांक 12 अगस्त, 2025 से 17 अगस्त, 2025 की समयावधि निर्धारित की गयी थी।

उपरोक्त में अनुरोध किया गया था कि उपरोक्त तिथियों के अन्तर्गत संस्थान में अध्ययनरत विषम—सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं का ऑन—लॉइन पंजीकरण अनिवार्य रूप से करवाने का कष्ट करें एवं शैक्षिक सत्र 2025—26 के एकेडमिक कलैण्डर के अनुसार कक्षाओं को संचालित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

इस क्रम में कतिपय संस्थानों के विषम सेमेस्टर 2025—26 के छात्रों के ऑनलाईन पंजीकरण न हो पाने के दृष्टिगत यूनिवर्सिटी मैनेजमेण्ट सिस्टम पर ऑनलाईन पंजीकरण की अन्तिम तिथि 25 अगस्त, 2025 तक विशेष अवसर देते हुये विस्तारित की जाती है। उक्त तिथि के उपरान्त संस्थान में पंजीकरण हेतु छूटे छात्र—छात्राओं के लिये संस्थान स्वयं जिम्मेदार होगा।

उक्त के साथ—साथ वर्तमान में स्पॉट काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया गतिमान होने के दृष्टिगत आपसे यह भी अनुरोध है कि ऑनलाईन काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेश लेने वाले समस्त नव प्रवेशित छात्रों को उनके हेतु निर्धारित संस्थान में रिपोर्ट करने की अंतिम तिथि से एक कार्य दिवस बाद तक आवश्यक रूप से ऑनलाईन पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।

विलम्ब से पंजीकरण कराने वाले छात्रों तथा नव प्रवेशित छात्रों के पाठ्यक्रमों की पूर्ति संस्थानों द्वारा एक्स्ट्रा क्लासेस संचालित करते हुये शैक्षणिक कैलैण्डर का अनुपालन करते हुये सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त के साथ—साथ यह भी अनुरोध है कि सभी संस्थान विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार कक्षाएं संचालित करते हुये समस्त पंजीकृत छात्रों की ऑनलाईन उपस्थिति भी यू0एम0एस0 पोर्टल पर दैनिक आधार पर दर्ज करना सुनिश्चित करेंगें।

कृपया उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

**(डॉ0 राजेश उपाध्याय)**
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः—**

1. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सादर संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. वित्त नियंत्रक, वी0मा0सिं0भ0उ0प्रौ0वि0, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।
3. परीक्षा नियंत्रक, वी0मा0सिं0भ0उ0प्रौ0वि0, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।
4. नोडल अधिकारी, यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम (यू0एम0एस0) को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
5. वैब मास्टर को इस आशय से प्रेषित कि समस्त सम्बद्व/परिसर संस्थानों को ई0मेल0 के माध्यम से पत्र प्रेषित एव विश्वविद्यालय की बैवसाईट पर भी अपलोड करना सुनिश्चित करें।
6. कार्यालय प्रति।

**(डॉ0 राजेश उपाध्याय)**
कुलसचिव